आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :443 पृष्ठ -4 दिनांक 03 अप्रेल 2025 दिन गुरूवार

## आगरा : पत्नी के शव ने साथ 3 दिन रहा पति, गर्दन और कलाई को धारदार हथियार से काटा, हुआ फरार

भोपाल निवासी पार्वती अपने माता पिता की मौत के बाद लोहामंडी राजनगर में अपनी बड़ी बहन गीता के पास आ गई. पार्वती उर्फ शिवानी की सुंदर पाड़ा निवासी शक्ति से दोस्ती और दोस्ती के बाद प्यार हो गया.आगरारू पत्नी के शव ने साथ 3 दिन रहा पति, गर्दन और कलाई को धारदार हथियार से काटा, हुआ फरारएसीपी कोतवाली शेषमणि उपाध्याय ताजनगरी आगरा में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. घर के अंदर महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मृतका की गर्दन और कलाई कटी हुई थी. मृतका का पति तीन दिन शव के हाथ ही घर में रह रहा था और इस घटना की किसी को भनक तक नहीं लगने दी. खुलासा तब हुआ था जब मृतका की बहन हाल चाल जानने के घर पहुंची और सामने का दृश्य देख चीख निकल गई. नाई की मंडी थाना क्षेत्र स्थित सुंदर पाड़ा में एक युवक पर पत्नी की गला रेत कर और हाथों की कलाई काटकर हत्या करने का आरोप लगा है. इतना ही नहीं तीन दिन तक आरोपी पति अपने ही घर के अंदर पत्नी के शव के साथ रहा. जानकारी ने अनुसार दो साल पहले ही पति और पत्नी ने लव मैरिज की थी. फरार आरोपी पति की तलाश जारी जब मृतका का फोन लगातार बंद आया तो मृतका की बहन उसके घर पहुंची, तब जाकर हत्या का खुलासा हुआ. महिला की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल शुरू दी. पुलिस फरार आरोपी पति की तलाश कर रही है. बताया गया है कि भोपाल निवासी पार्वती अपने माता पिता की मौत के बाद लोहामंडी राजनगर में अपनी बड़ी बहन गीता के पास आ गई. पार्वती उर्फ शिवानी की सुंदर पाड़ा निवासी शक्ति से दोस्ती और दोस्ती के बाद प्यार हो गया. पार्वती और शक्ति ने शादी करने का फैसला कर लिया. जिसके बाद दोनों ने शादी की और पति और पत्नी साथ रहने लगे. पार्वती की बहन ने पुलिस को जानकारी दी कि पिछले तीन दिन से पार्वती का फोन बंद जा रहा था.यूपी में नई आबकारी नीति लागू, एक ही दुकान से मिलेगी शराब और बीयर, ये हुए बदलावमृतक की बहन ने दी सूचना उसने बताया कि इस पर मैंने शक्ति को कॉल किया तो उसने मेरी पार्वती से बात नहीं कराई. इस पर मुझे संदेह हुआ तो सोमवार की रात पार्वती की सुसराल सुंदरपाडा आई. जब पार्वती के घर के अंदर पहुंची तो देखा कि पार्वती का शव पड़ा हुआ था. उसकी किसी धारदार हथियार से गर्दन रेती गई थी, इसके साथ ही दोनों हाथों की कलाई काटी गई थी. सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. एसीपी कोतवाली शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि महिला की हत्या की सूचना पर नाई की मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी. आरोपी पति फरार है और दोनों ने दो साल पहले मैरिज की थी. आरोपी पति की तलाश में दबिश दी जा रही है. मृतका की बहन ने सूचना दी थी. आशंका है कि शव तीन दिन पुराना है. हत्या की वजह क्या है इसका खुलासा जल्द किया जाएगा.

## अयोध्याः आपस में टकराए तीन डंपर, लगी भीषण आग, दो की मौत



अयोध्या। रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर इनायत नगर थाना क्षेत्र के सेवरा मोड़ के समीप स्थित श्रीराम हास्पिटल के सामने बुधवार को सुबह–सुबह बड़ा हादसा हो गया। इसमें दो डंपर में आग लग गई। इस दौरान एक डंपर के ड्राइवर और उसके साथ जा रहे एक युवक (खलासी) की भी जलकर मौत हो गई। बुधवार की भोर करीब 3:45 बजे जगदीशपुर से अयोध्या की तरफ गिट्टी लोड करके तीन डंपर आगे पीछे एक साथ जा रहे थे। तीनों डंपर इनायत नगर थाना क्षेत्र के सेवरा मोड़ के निकट श्रीराम हास्पिटल के सामने पहुंचे ही थे तभी हाइवे पर छुट्टा मवेशियों का झुंड आ गया। मवेशियों के बचाव में आगे चल रहे डंपर चालक ने ब्रेक मारी, जिससे पीछे आ रहे डंपर एक दूसरे से टकरा गए। तीनों डंपर के आपस में टक. राने से दो डंपर में भीषण आग लग गई। सबसे पीछे डंपर का गेट लाक होने से चालक और खलासी की डंपर के अंदर जलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। हादसे के बाद अयोध्या–रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग एक किलोमीटर दूर तक लगभग तीन घण्टे जाम रहा।हादसे की जानकारी मिलने पर क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी थाने के उपनिरीक्षक अमर बहादुर सिंह व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दिया, फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।सीओ ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, शव की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बदायूं में बंदर के आतंक महिला की छत से गिरकर मौत

बदायूं : बंदरों का आतंक कम नहीं हो रहा है। जो आए दिन किसी न किसी की मौत का कारण बन रहे हैं। बंदरों की वजह से छत गिरकर घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला ने दिल्ली के अस्पताल में दम तोड़ दिया।बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव दबतरा निवासी अनवर बेग की पत्नी फिरदौस बेगम रविवार तड़के अपने घर पर काम कर रही थीं। दूसरी मंजिल से आवाज आईं तो फिरदौस बेगम दूसरी मंजिल पर पहुंचीं। जहां बंदरों का झुंड बैठा था।महिला ने बंद. रों को भगाने का प्रयास किया। बंदरों ने महिला को घुड़की दी । जिससे महिला छत से नीचे जमीन पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को दिल्ली के अस्पताल ले गए। जहां महिला ने दम तोड़ दिया।

## मथुरा की तान्या शर्मा के सिर सजा मिस यूनिवर्स यूपी का ताज



रंग बिरंगी लाइटों के बीच फिल्मी संगीत पर रैंप पर कैटवॉक करने वाली बड़ी–बड़ी मॉडल्स नहीं बल्कि यूपी की लड़कियां थीं। इनके कैटवॉक और फैशन के जलवे के आगे बड़े–बड़े मॉडल्स भी फेल नजर आ रहे थे। राजधानी लखनऊ के होटल सेंट्रम में आयोजित मिस यूनिवर्स यूपी के ग्रैंड फिनाले में जब यह लड़कियां तेज म्यूजिक की धुन पर रैंप पर जैसे ही उतरी चारों ओर तालियां गूंजने लगीं। इस सौंदर्य प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 150 लड़कियों ने ऑडिशन राउंड में भाग लिया, जिसमें से 31 लड़कियां सेमीफाइनल राउंड के लिए चुनी गई और ग्रैंड फिनाले में 10 लड़कियों को स्थान मिला।समारोह की मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी ऋतु सुहास, महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव और मिस यूनिवर्स इंडिया के निदेशक निखिल आनंद थे। विशिष्ट अतिथि रिया सिंघा थीं, जो 2024 में मिस यूनिवर्स इंडिया चुनी गई थीं। प्रतियोगिता में मथुरा की तान्या शर्मा के सर पर मिस यूनिवर्स यूपी का ताज सजा, वहीं गाजियाबाद की महक ढींगरा फर्स्ट रनर अप रहीं और लखनऊ की ही अंदलीब जैदी सेकंड रनर अप चुनी गईं। इन तीनों विजयी प्रतिभागियों को मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 में भाग लेने का मौका मिलेगा। प्रतियोगियों का निर्णय करने के लिए अमजद खान, रिया सिंघा, अदिति जग्गी रस्तोगी और राधिका की मौजूदगी रही। मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश की निदेशक और क्वीनीफाइड इंक की फाउंडर प्रीति यादव ने बताया कि संस्था ने बीते कई वर्षों में हजारों महिलाओं का रैंप पर आने का सपना साकार किया है और इस बार मिस यूनिवर्स इंडिया के माध्यम से हमने उत्तर प्रदेश की लड़कियों को एक सुनहरा मंच प्रदान किया। जहां वह मॉडलिंग और सौंदर्य के क्षेत्र में अपने सपने को साकार कर सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध अभिनेता अमन वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में एमरन फाउंडेशन की अध्यक्ष रेणुका टंडन, मनीषा नानू, गीता कपूर, गौरव प्रकाश आदि की मौजूदगी रही।

### नवरात्रि के छठा दिन

चौत्र नवरात्रि का छठा दिन मां कात्यायनी को समर्पित है। मान्यता है कि मां कात्यायनी की पूजा–अर्चना करने से शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। मां कात्यायनी का जन्म महर्षि कात्यायन के घर हुआ था, इसलिए इनका नाम कात्यायनी पड़ा। नवरात्रि की षष्ठी तिथि 3 अप्रैल 2025, गुरुवार को है। जानें नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा विधि, भोग, मंत्र, आरती व शुभ रंग– मां कात्यायनी की पूजा का शुभ मुहूर्त– मां कात्यायनी की पूजा का शुभ मुहर्त सुबह 07 बजकर 02 मिनट पर प्रारंभ होगा और पूरे दिन रहेगा। पूजन का ब्रह्म मुहर्त ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04:37 से सुबह 05:23 तक रहेगा। देवी भी कहा जाता है। मां का वाहन सिंह है।

## मथुरा में बेखौफ खनन माफियारू एसडीएम, खनन अधिकारी और पुलिस टीम को ट्रक से कुचलने की कोशिश, मुकदमा दर्ज

मथुरा। मथुरा में खनन माफिया के ट्रक चालकों ने नौहझील क्षेत्र में उप जिलाधिकारी, खनन अधिकारी और पुलिस टीम को कुचलने का प्रयास किया और बै. रिकेड तोड़कर जिले की सीमा पार करने के बाद अलीगढ़ की ओर भाग गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। शनिवार रात घटी इस घटना के संबंध में क्षेत्रीय खनन निरीक्षक ने रविवार रात थाने में मुकदमा दर्ज कराया।पुलिस उन सभी ट्रकों के मा. लिकों और खनन माफिया से जुड़े लोगों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक (एसपी–ग्रामीण) त्रिगुण बिसेन ने बताया कि मांट के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अभिनव जे जैन, क्षेत्रीय खनन निरीक्षक अक्षय कुमार और कोलाहर पुलिस चौकी प्रभारी संजय कुमार पुलिस बल के साथ शनिवार देर रात नौहझील थाना क्षेत्र की छिनपारई एवं कोलाहर पुलिस चौकी के मध्य वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि तभी गिट्टी–बजरी से लदे तीन ट्रकों को रोकने का प्रयास करने पर ट्रक चालकों ने एसडीएम, खनन अधिकारी और पुलिस टीम पर ट्रक चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश की और ट्रकों को भगाते हुए अलीगढ़ की सीमा में चले गए। उन्होंने बताया कि इन ट्रकों के साथ खनन से जुड़े लोग तीन अलग–अलग कारों में चल रहे थे जो संभवतरू पुलिस एवं उससे जुड़ी कार्रवाई की सूचना देने तथा उन्हें सुरक्षा देते हुए लक्ष्य तक पहुंचाने में सहयोग करते हैं। उप जिलाधिकारी अभिनव जे जैन ने बताया कि कुछ दिनों से क्षेत्र में अवैध खनन के प्रयास की जानकारी मिल रही थी जिसके बाद शनिवार को अभियान चलाकर उन पर लगाम लगाने की कोशिश की गई जिसके तहत यह वारदात होने पर रविवार रात मुकदमा दर्ज कराया गया। नौहझील के थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने शनिवार की रात गिट्टी, बजरी से भरे दो ट्रक नौहझील बस स्टैंड के निकट बरामद किए हैं जिनके चालक पुलिस की कार्रवाई से डरकर भाग निकले। खनन निरीक्षक की तहरीर पर पांच ट्रक एवं तीन कार चालकों तथा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गाय से टकराई युवक की बाइक, अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस सांड से भिड़ी, शख्स की मौत

शाहजहांपुर के निगोही क्षेत्र में गाय से टकराने के बाद घायल हुए बाइक सवार युवक को बरेली ले जा रही एंबुलेंस तिलहर में हाईवे पर एक सांड़ टकरा गई. इस हादसे एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. हादसे में घायल युवक के चाचा और मां घायल हो गए. इधर, जब तक दूसरे वाहन का इंतजाम किया गया तब तक युवक की जान चली गई. जानकारी के मुताबिक, निगोही के मोहल्ला भगत सिंह निवासी वाहिद का 18 वर्षीय पुत्र मो. वारिस ईद के लिए पीलीभीत जिले के करेली थानांतर्गत पसियापुर गांव से दूध लेकर बाइक से आ रहा था. पुवायां मार्ग पर चेनारुरिया गांव के पास अचानक सड़क पर गाय आ गई. गाय से उसकी बाइक टकरा गई. इस हादसे में मो. वारिस गंभीर रूप से घायल हो गया. राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे.रास्ते पर सांड से टकराई एंबुलेंस वहां डॉक्टर नितिन चौधरी ने उसकी दशा चिंताजनक देख राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया. वहां उपचार से हालत में सुधार नहीं आया तो घर वाले उसे बरेली रेफर कराकर एक एंबुलेंस से चल दिए. जिस एंबुलेंस से घायल मो. वारिस को परिजन ले जा रहे थे, वह तिलहर से कुछ आगे हाईवे पर एक सांड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई. उसमें बैठी घायल की मां नफीसा और चाचा छोटे लल्ला को भी चोटें आ गईं ,जबकि बारिश की मौत हो गई. वहीं इस घटना पर अभी पुलिस अधिकारियों की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है. इधर, आगरा में दबंगों ने सर्राफा कारोबारी के घर पर पथराव और फायरिंग की है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है.

## इलाहाबाद हाईकोर्ट से सपा नेता आजम खान को राहत

इलाहाबाद हाईकोर्ट से समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व सांसद आजम खान को फौरी राहत मिली है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साल 2007 के रामपुर के गंज थाने में दर्ज मुकदमे में सपा नेता की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है. हालांकि आजम खान के खिलाफ अग्रिम विवेचना जारी रहेगी. जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की डिवीजन बेंच ने यह आदेश दिया है.बता दें कि सरकारी जमीन पर बने मकान को गिराने के आरोप में वादी अफसर खान ने सपा नेता आजम खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था. इस मामले में विवेचना के बाद अंतिम रिपोर्ट 2007 में ही आ गई थी, जो कि न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेंडिंग थी. साल 2017 में वादी अफसर खान की मौत होने के बाद उसके बेटे जुल्फीकार खान ने 18 साल बाद साल 2024 में अंतिम रिपोर्ट के खिलाफ प्रोटेस्ट पिटिशन दाखिल की, जिस पर मजिस्ट्रेट ने अग्रिम विवेचना का आदेश कर दिया.वहीं सपा नेता आजम खान ने इसी ऑर्डर के खिलाफ अग्रिम विवेचना को रोकने और गिरफ्तारी पर रोक के लिए याचिका दाखिल की थी. इस मामले में याची आजम खान की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्लाह और मोहम्मद खालिद ने पक्ष रखा और वहीं सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने दलीलें पेश की. हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आजम खान की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है.बता दें कि इससे पहले आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली थी, डूंगरपुर मामले में आजम खान की जमानत मंजूर की गई थी. डूंगरपुर मामले में एमपी–एमएलए कोर्ट से आजम खान को सात साल की सजा हुई थी. इस मामले में आजम खान पर गालीगलौज मारपीट लूटपाट, घर से बेघर कराने जैसे गंभीर आरोप है. इस समय सपा नेता आजम खान सीतापुर जेल में बंद हैं.

## हापुड़ में अवैध ई रिक्शा और ऑटो के खिलाफ चला अभियान, 50 से ज्यादा वाहनों को किया गया जब्त

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर हापुड़ में अवैध ई रिक्शा व ऑटो के खिलाफ अभियान चलाया गया. इन्हें समझाया जा रहा है कि किसी प्रकार की लापरवाही या खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करके अंकुश लगाया जाए. हापुड़ आरटीओ तथा ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर 50 से ज्यादा ई–रिक्शा और ऑटो सीज किए.बता दें कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में जाम का सबसे बड़ा कारण बनने वाले ई–रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग तथा ट्रैफिक पुलिस ने 1 अप्रैल से अभियान शुरू किया. जिसमें हापुड़ के ट्रांसपोर्ट नगर में एक्शन हुआ, जहां पर सुबह ट्रैफिक पुलिस तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों ने 50 से ज्यादा ई–रिक्शा और ऑटो के खिलाफ कार्रवाई की है. जिसमें कुछ नाबालिग बच्चे और दिव्यांगजन भी ई–रिक्शा चलाते हुए पाए गए. जिसके बाद 50 से ज्यादा ई–रिक्शा और ऑटो को सीज किया गया.50 से ज्यादा ई–रिक्शा, ऑटो चालकों की लापरवाही पाई गई ई–रिक्शा और ऑटो के खिलाफ कार्रवाई से ऑटो चालकों में हड़कंप मच गया. इस अभियान में ई रिक्शा और ऑटो के कागजों का सत्यापन तथा रजिस्ट्रेशन, फिटनेस इंश्योरेंस चेक किए गए. इस दौरान हापुड़ में 50 से ज्यादा ई–रिक्शा, ऑटो चालकों की लापरवाही पाई गई, जिनको सीज किया गया. परिवहन विभाग इस अभियान को 30 अप्रैल तक चलाएगा जिसमें लोगों को जागरूक भी किया जाएगा.फिटनेस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन और परमिट किया जा रहा चेक हापुड़ एआरटीओ रमेश चौबे ने बताया कि जितने भी वाहन चल रहे हैं, ई–रिक्शा और ऑटो उनके कागजों का सत्यापन कराया जा रहा है. अगर उनकी फिटनेस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन और परमिट अगर सही है तो ठीक है नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. लगभग 40 वाहनों को अभी तक हमने सीज किया है.

# हाथरस न्यायालय से अलीगढ़ जेल जा रही पुलिस वैन में कैदी और पुलिसकर्मियों के बीच हुआ विवाद

हाथरस न्यायालय से अलीगढ़ जेल जा रही पुलिस वैन में कैदी और पुलिसकर्मियों के बीच विवाद हो गया। किसी बात को लेकर पुलिसकर्मियों ने एक कैदी के साथ मारपीट कर दी। हंगामे को देखते हुए वैन के चालक ने गाड़ी को सासनी कोतवाली में खड़ा कर दिया।कैदियों को शांत करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कैदियों की नजर मीडियाकर्मियों पर पड़ी। सादाबाद निवासी कैदी मुकेश ने मीडिया के सामने अपनी व्यथा बताई।उसने कहा कि वह नवरात्र का व्रत रख रहा है। बिना किसी गलती के पुलिसकर्मियों ने उसे मारा, जिससे उसकी उंगली में चोट आ गई है। मुकेश ने कहा कि उसका दिमाग खराब हो रहा है और वह मर भी सकता है।

## सादाबाद में स्वास्थ्य विभाग ने संचारी और दस्तक रोगों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान शुरू

सादाबाद में स्वास्थ्य विभाग ने संचारी और दस्तक रोगों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया है। कुरसंडा इंटर कॉलेज और सीएचसी सहपऊ में जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए।रैली से पहले इंटर कॉलेज में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षक स्टाफ को चिकित्सकों ने संचारी रोगों से बचाव के तरीके समझाए। कार्यक्रम में यूनिसेफ की ओर से राकेश मौजूद रहे। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दानवीर सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।स्वास्थ्य विभाग ने श्सौ रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ सफाईश का नारा दिया। रैली कुरसंडा गांव की गलियों और कस्बा सहपऊ के मोहल्लों में निकाली गई। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने लोगों को घरों में साफ–सफाई रखने और पानी न भरने की सलाह दी।डॉक्टर दानवीर सिंह ने बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलेगा। पहले चरण में 10 अप्रैल तक रैलियां निकाली जाएंगी। दूसरे चरण में 11 से 30 अप्रैल तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाएंगी। टीमें कूलर, फ्रिज और एसी की जांच करेंगी, क्योंकि इनमें मच्छरों के पनपने का खतरा रहता है।

## डीएम राहुल पांडे और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने मौके का जायजा लिया



हाथरस के सासनी में स्थित हरी आइस एंड कोल्ड स्टोरेज में 1 अप्रैल को सुबह 9 बजे लगी आग अभी तक काबू में नहीं आई है। कोल्ड स्टोरेज के पांच कक्षों में से दो में आग फैल चुकी है। तीन कक्ष अभी सुरक्षित हैं। आग लगने से इस कोल्ड स्टोरेज में भरी मिर्च और अन्य काफी सामग्री जल गई है।आग बुझाने के लिए आसपास के जिलों से 10 से अधिक दमकल गाड़ियां मौके पर हैं। बरेली से SDRF की टीम भी 1 फरवरी की रात 11: 30 बजे पहुंच गई है। डीएम राहुल पांडे और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने मौके का जायजा लिया।तकनीकी उपकरणों की हो जांच कोल्ड स्टोरेज के मालिक ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर उच्च तकनीकी उपकरणों की मांग की है। उन्होंने मथुरा रिफाइनरी, हरदुआगंज विद्युत उत्पादन केंद्र और यारा केमिकल बबराला से मदद मांगने की मांग की है।प्रशासन आग बुझाने को लेकर गंभीर नहीं... किसानों का आरोप है कि प्रशासन आग बुझाने को लेकर गंभीर नहीं है। अगर जल्द ही आग पर काबू नहीं पाया गया तो बचे हुए तीन कक्षों में भी आग फैलने का खतरा है। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस हादसे में करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है।

## हाथरस के मुरसान क्षेत्र में एक बारदाना कारोबारी से लूटपाट की घटना सामने आई



हाथरस के मुरसान क्षेत्र में एक बारदाना कारोबारी से लूटपाट की घटना सामने आई है। घटना गांव खुटीपुरी के निकट की है। चार बाइकों पर सवार आठ बदमाशों ने कारोबारी को घेर लिया। बदमाशों ने तमंचे की बट से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।पीड़ित खेम सिंह सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव कजरोठी का रहने वाला है। वह मुरसान और सादाबाद क्षेत्र में पुराने बोरी के बारदाने खरीदने का काम करता है। घटना गुबरारी रजवाहे से थाना मुरसान क्षेत्र के गांव खूंटी पुरी के भट्टे के पास बने मंदिर के निकट हुई।बदमाशों ने खेम सिंह की जेब से 1800 रुपए और एक मोबाइल फोन छीन लिया। छीना–झपटी में उसके पैंट की जेब फट गई। तमंचे की बट मारने से उसके पैर में चोट भी आई है। घबराहट के कारण पीड़ित पहले घर गया और फिर सादाबाद कोतवाली पहुंचा। बाद में उसे थाना मुरसान बुलाया गया, जहां उसने दोपहर में तहरीर दी।सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। मुरसान में यह लूट की चौथी घटना है।

## हाथरस पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 14 वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार किया



हाथरस पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 14 वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देश पर की गई। विशेष अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में टीमों ने काम किया।क्षेत्राधिकारी सादाबाद और सिकंद्राराऊ की निगरानी में यह अभियान चलाया गया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में सबसे ज्यादा 6 अपराधी हसायन थाना क्षेत्र से हैं। चंदपा से 3, सादाबाद से 2, और सिकंद्राराऊ, मुरसान तथा सहपऊ से एक–एक अभियुक्त शामिल हैं।पकड़े गए अपराधियों में प्रेमशंकर, धर्मेंद्र, जंगोली, परवेज आलम, बोबी, इरफान, रि. जवान, फैज, ओमशंकर, लालवादशाह, दिनेश, प्रमोद, रामू और जितेंद्र शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस तरह की कार्रवाई रहेगी जारी... पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में खलबली मच गई है। अधिकारियों का कहना है कि वांटेड अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई

## सासनी में मंगलवार की देर रात एक कथावाचक से लूटपाट की वारदात सामने आई

सासनी में मंगलवार की देर रात एक कथावाचक से लूटपाट की वारदात सामने आई है। बदमाशों ने कथावाचक से 9 हजार रुपए लूट लिए। घटना इगलास रोड स्थित बालाजी डिग्री कॉलेज के पास की है।बाइक की चाबी निकालीकथावाचक दिनेश तोमर देवी जागरण से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोका। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनकी बाइक की चाबी निकाल ली। फिर उनका बैग छीन लिया, जिसमें 9000 रुपए और अन्य सामान था।घटना की जानकारी घटना के बाद कथावाचक तुरंत कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मामले में तहरीर ले ली है। अब पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## हाथरस में बहुजन समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. अंबेडकर शोभायात्रा 2025 के लिए राहुल कुमार सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया

हाथरस में बहुजन समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. अंबेडकर शोभायात्रा 2025 के लिए राहुल कुमार सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। बैठक में जाटव एकता समिति के सदस्य और शहर के विभिन्न क्षेत्रों के युवा नेता शामिल हुए।समाज के प्रतिष्ठित नेताओं में श्री रामवीर सिंह, पंकज प्रेमाकर और गया प्रसाद बाबा, बंटी भैया प्रमुख रहे। लाला राम केसरी, प्रिंस आजाद और पन्ना लाल बौद्ध भी उपस्थित थे। अमर सिंह कर्दम, अशोक सत्संगी और संजय सेठ ने भी बैठक में हिस्सा लिया। ऐतिहासिक रूप से निकलेगी शोभायात्राशोभायात्रा समिति ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया है। समिति ने समाज के सभी वर्गों से इस आयोजन में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की है। राजपाल सिंह पुनिया, बंटी भैया और वीरी सिंह कर्दम सहित कई अन्य प्रमुख नेताओं ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। युवा नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हुए आनंद आर्यन, अभिषेक सोलंकी और सचिन स्काई जैसे नेता भी मौजूद रहे। डॉ. राहुल, रवि कुमार और संतोष कुमार समेत कई अन्य समाजसेवियों ने भी इस अवसर पर अपनी सहमति जताई।

## 175 साल पुरानी सहपऊ की चौत्र मास की राम लीला महामारी से बचने के लिए शुरू हुई परंपरा, सादाबाद में स्थानीय लोगों ने निभाए पात्र



हाथरस जिले की सादाबाद तहसील स्थित कस्बा सहपऊ में एक अनूठी परंपरा है। यहां 175 साल से चौत्र मास के नवरात्र में रामलीला का आयोजन होता है। जबकि देश के अधिकतर हिस्सों में यह आश्विन मास में होती है।इस परंपरा की शुरुआत एक भयंकर महामारी के दौरान हुई। उस समय कस्बे में मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा था। एक के अंतिम संस्कार से पहले दूसरी मौत हो जाती थी।जब वैद्य और हकीम हार गए, तब ज्योतिषियों और पंडितों ने चौत्र नवरात्र में रामलीला करने और दशमी को रावण दहन का समाधान सुझाया।समय की कमी के कारण कस्बे के लोगों ने ही रामायण के पात्रों की भूमिका निभाई। पंडित जगन्नाथ ने रावण, पंडित किशन प्रसाद ने अंगद और पंडित रोशन लाल शर्मा ने दशरथ का किरदार निभाया। लोग इतने रम गए कि उन्हें इन्हीं पात्रों के नाम से जाना जाने लगा।वर्तमान में रामलीला का आयोजन एक कमेटी करती है। चंदा इकट्ठा कर बाहर की मंडली को बुलाया जाता है। नवरात्र के पहले दिन से रामलीला शुरू होती है।राम बारात निकाली जाती है। दशमी को हनुमान टीला मैदान पर 40 फीट से ऊंचे रावण का दहन किया जाता है। यह मेला जिले में काफी प्रसिद्ध है।केवल कोरोना काल और उसके बाद दो साल तक ही यह परंपरा नहीं हो पाई। इसके अलावा 175 सालों से यह अनवरत चल रही है।




### पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

**मो. 8218049162**

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# एटा में अवैध ई-रिक्शा पर कार्रवाई 22 वाहन पकड़े, 14 का चालान और 4 को किया सीज

एटा में यातायात पुलिस और एआरटीओ ने संयुक्त रूप से अवैध ई–रिक्शा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शहर के विभिन्न मार्गों पर चलाए गए विशेष अभियान में कुल 22 ई–रिक्शा पकड़े गए। इनमें से 14 ई–रिक्शा का चालान किया गया।साथ ही 4 ई–रिक्शा को सीज कर दिया गया। अधिकांश वाहन बिना पंजीकरण, फिटनेस सर्टिफिकेट और चेसिस नंबर के चल रहे थे। कई चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था।एआरटीओ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुरूप की गई है। उन्होंने कहा कि पकड़े गए सभी ई–रिक्शा अवैध रूप से संचालित किए जा रहे थे। ई–रिक्शा चाल. कों को लाइसेंस बनवाने, फिटनेस सर्टिफिकेट प्राप्त करने और वाहन नंबर प्रदर्शित करने की हिदायत दी गई है। एआरटीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

## कासगंज: स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 275 सीटें खाली

कासगंज, गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ, बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर एवं मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स कालेज सैफई में सत्र 2025–26 में संभावित कुल रिक्त 275 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। कक्षा 6 से 9 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया आनलाइन किए जाएगी।उपक्रीड़ाधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि खिलाड़ी अपना आवेदन sportscollegelko-पद पर उपलब्ध कराए गए लिंक अथवा बेबसाइट www-khelsathi.पद पर क्लिक करके निर्धारित प्रारूप एवं आवेदन शुल्क 200 रुपए देकर आवेदन कर सकते हैं।

## एटा जिले के अलीगंज कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर क्राइम धर्मवीर गौर का दिल्ली के अपोलो अस्पताल में निधन

एटा जिले के अलीगंज कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर क्राइम धर्मवीर गौर का दिल्ली के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। वे सोमवार को छुट्टी लेकर आगरा स्थित अपने घर गए थे।मंगलवार को उन्हें सीने में दर्द और सांस लेने में परेशानी होने लगी। स्थिति गंभीर होने पर परिजन उन्हें दिल्ली के अपोलो अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने जांच के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।58 वर्षीय धर्मवीर गौर कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दया के रहने वाले थे। उन्होंने 1986 में कांस्टेबल के रूप में पुलिस विभाग में योगदान दिया। वे 2007 में सब इंस्पेक्टर बने। इसके बाद 2023 में इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत हुए।मृतक के पुत्र दीपक सिंह गौर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एटा लाया गया है। थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने पोस्टमार्टम कार्रवाई की पुष्टि की है। इंस्पेक्टर की आकस्मिक मृत्यु से पुलिस विभाग में शोक छा गया है।

## कासगंज : शहर में बाइक चोरों ने मचा रखा था आतंक...ऑटो लिफ्टर गिरोह का हुआ भंडाफोड़



कासगंज, शहर में जगह–जगह से बाइक चोरी कर मिस्त्री को बेचने वाले गिरोह का पुलिस ने भंड़ाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने आम के बाग से दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार बाइको को बरामद किया है। एएसपी ने चोर गिरोह का खुलासा कर दोनों चोरों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेजा गया है।सदर कोतवाली में बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए सीओ आंचल चौहान ने बताया कि कल्यानपुर मार्ग स्थित आम के बाग से पुलिस ने अमित पुत्र किशनपाल निवासी कुमरपुर थाना सोरों और पुष्पेन्द्र पुत्र चरन सिंह निवासी प्रहलादपुर थाना सोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चार बाइकें बरामद हुई है। चोरों ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों की मदद से बाइक चोरी की घटनाओ को अंजाम देते थे। उन्होंने 26 मार्च को एक बाइक जिलाअस्पताल से चोरी की थी, दूसरी बाइक सोमवार बाजार से और तीसरी बाइक पीएनबी बैंक नदरई गेट और चौथी बाइक सोरों मार्गशीर्ष मेला से चोरी की थी। उन्होंने बताया कि बाइको को चोरी कर मिस्त्री की दुकान पर चार से पांच हजार रूपए की कीमत में बेच देते थे। मिस्त्री बाइको पार्टस निकाल कर बेचते थे। चौहान ने बताया कि बाइक खरीदने वाले मिस्त्रियों को चिहिंत कर लिया गया है। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएंगी। इन्होंने किया खुलासा शहर से लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओ पर रोकथाम करने के लिए एसपी अंकिता शर्मा ने कोतवाल लोकेश भाटी की टीम में एसआई संजय सिंह, एसआई रामनाथ सिंह, कांस्टेबल अभिषेक शर्मा, प्रशांत चाहर, हरेंद्र नायक, कोशेंद्र सिंह को लगाया था। टीम ने मंगलवार की शाम को चोरों को कल्यानपुर के आम के बाग से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी हुई चार बाइको को बरामद कर लिया है, अन्य चोरों की तलाश की जा रही है।

## एटा जिले के पिलुआ गांव में एक किसान की गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई

एटा जिले के पिलुआ गांव में एक किसान की गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। गिरिराज सिंह पुत्र नत्थू सिंह के खेत में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।आग की लपटें और धुएं का गुबार देखते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत पिलुआ थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं।स्थानीय लोगों की मदद से दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक किसान की आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी।थाना प्रभारी पिलुआ प्रेमपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से आग को बुझाया गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## कासगंज में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया

कासगंज में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। पुलिस ने सोरों कोतवाली क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती है।सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस ने सागर तिराहा, कछला चुंगी सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। साथ ही ड्रोन कैमरों से क्षेत्र की बारीकी से निगरानी की जा रही है।पुलिस प्रशासन वक्फ संशोधन बिल को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। एसपी अंकिता शर्मा ने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। स्थानीय लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है।

## एटा जिले के श्याम नगर मोहल्ले में एक 21 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

एटा जिले के श्याम नगर मोहल्ले में एक 21 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी सबसे पहले पड़ोस की एक लड़की को हुई, जो सुबह किसी काम से विवाहिता के घर गई थी।मृतका की पहचान साधना के रूप में हुई है। उसकी शादी आदित्य के साथ नौ महीने पहले हिंदू रीति–रिवाज से हुई थी। दंपति अकेले रहते थे, क्योंकि सास–ससुर का पहले ही निधन हो चुका था। साधना का मायका गढ़ी थाना ढोलना में है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी सिटी के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वाड की टीमों को भी बुलाया गया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली नगर के थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मृतका के रिश्ते के बहनोई ने दी थी। घटना के बाद से मृतका का पति आदित्य फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कासगंज: मंदिर के पास शराब की दुकान, हटाए जाने की मांग

कासगंज : शहर के गंगेश्वर कॉलोनी स्थित देशी शराब के ठेका पर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब का ठेका होने के कारण लोग हैडपंप पर खड़े होकर शराब पीते हैं और महिलाओं–किशोरियों के साथ छींटाकशी करते हैं। ठेका को हटवा कर दूसरी जगह पर खुलवाया जाए। गंगेश्वर कॉलोनी बस स्टैंड के पीछे स्थित देसी शराब के ठेके से स्थानीय निवासी परेशान हैं। उन्होंने इस ठेके को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग जिलाधिकारी से की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेके से महज 70–80 मीटर की दूरी पर नव दुर्गा देवी मंदिर है। आसपास आवासीय कॉलोनी भी हैं। शराबी लोग ठेके के पास लगे नल पर खड़े होकर शराब पीते हैं। इससे स्थानीय लोगों को पानी भरने में दिक्कतें होती हैं। निवासियों का आरोप है कि शराबी अक्सर गाली–गलौज करते हैं, वे महिलाओं और युवतियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इससे महिलाएं और बेटियां शर्मिंदगी महसूस करती हैं। वे इस रास्ते से गुजरने में भी संकोच करती हैं। स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है कि इस माहौल में बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। उनका कहना है कि ठेके की वजह से कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है। इस समस्या का समाधान करने के लिए उन्होंने जिलाधिकारी से ठेके को स्थानांतरित करने की गुहार लगाई है। उन्होंने यह भी बताया कि वह पूर्व में भी प्रदर्शन कर ठेका को हटवाए जाने की मांग की थी, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की है, जिससे मोहल्ले लोग आहत हैं।

## सुन्नगढी थाना क्षेत्र के एक गांव में छह बच्चों के पिता ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी

कासगंज रू सुन्नगढी थाना क्षेत्र के एक गांव में छह बच्चों के पिता ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। घटना के पीछे गृह क्लेश बताया जा रहा है। मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।गांव नगला बजीर निवासी महेंद्र खांन के 38 वर्षीय बेटे ने मंगलवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर परिजन शाहिद को लेकर सहावर स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने शाहिद को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।मृतक के भाई बसीर ने बताया कि आए दिन शाहिद और उनकी पत्नी ताजो में विवाद होता रहता था। इसी विवाद के चलते उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। मृतक शाहिद पर छह बच्चे हैं। पिता की मौत के बाद बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कासगंज: अज्ञात कारणों से खेतों में लगी आग, 5 बीघा फसल जलकर राख

गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव भुजपुरा में खेत में खड़ी गेहूं व मटर की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे चार खेतों में खड़ी 5 बीघा से अधिक की फसल जल गई। दमकल कर्मियों व ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग को बुझाया। क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर क्षति का आकलन किया है। दोपहर को राज. ॆश्वरी देवी पत्नी राधेश्याम के मटर के खेत में अचानक से आग लग गई। जब आ. सपास के खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने खेत से धुंआ उठता देखा तो वह मौके की ओर दौड़े। देखा तो फसल में आग लग रही थी। किसानों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन दोपहर को हवा तेज चल रही थी, हवा के साथ आग और बढ़ गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की विक. रालता की चपेट में कप्तान सिंह, रहीश अहमद, जुल्फकार के खेत भी आ गए। किसानों की लगभग 5 बीघा से अधिक गेहूं व मटर की फसल जल गई।घटना की जानकारी पटियाली तहसील प्रशासन को दी गई। एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर पहुंचकर क्षति के आकलन कर और आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। लेखपाल बृजबिहारी ने मौके का निरीक्षण किया। क्षति का आकलन कर आख्या एसडीएम को दी है। उपजिलाधिकारी पटियाली प्रदीप विमल ने बताया कि किसानों की लगभग 5 बीघा फसल अज्ञात कारणों से लगी आग की चपेट में आकर राख हुई है। क्षति का आकलन कराया गया है। नियमानुसार पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा

## एटा जिले के पिलुआ थाना क्षेत्र के गढ़वाला गांव में महिलाओं ने शराब के ठेके के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

एटा जिले के पिलुआ थाना क्षेत्र के गढ़वाला गांव में महिलाओं ने शराब के ठेके के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाएं, बच्चियां और ग्रामीण लाठी–डंडे लेकर ठेके के सामने पहुंचे। उन्होंने श्बंद करो भाई बंद करोश के नारे लगाए।अप्रैल माह में नए ठेकेदारों को शराब बिक्री का लाइसेंस दिया गया था। इससे गांव की महिलाएं नाराज हैं। एक प्रदर्शनकारी महिला विमलेश ने बताया कि उनके पति शराब पीने के कारण कैंसर से पीड़ित हो गए। उन्हें बीस बीघा जमीन भी बेचनी पड़ी।गांव के बिमल कुमार ने चिंता जताई कि 14–15 साल के बच्चे भी शराब पीने लगे हैं। एक अन्य ग्रामीण गुनगुन ने कहा कि शराब पीकर लोग परिवार का उत्पीड़न करते हैं। इसलिए महिलाएं, बच्चियां और युवा मिलकर विरोध कर रहे हैं।थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने गांव के प्रधान से बात की और अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा दिया है। पुलिस जल्द ही समस्या का समाधान करने का प्रयास करेगी।

कासगंज पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 4 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर कासगंज कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कासगंज–कल्यानपुर मार्ग स्थित आम के बाग से दो आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में सोरो थाना क्षेत्र के कुमरपुर निवासी अमित और प्रहलादपुर निवासी पुष्पेंद्र शामिल हैं।सीओ सदर आंचल चौहान ने बताया कि कासगंज और सोरों कोतवाली क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बाइक चोरी करते थे।आरोपियों ने सोमवार बाजार कासगंज, नदरई गेट चौराहे के पास पीएनबी बैंक, लक्ष्मीगंज, सोरों मेला, जिला अस्पताल मामों और कलावती हॉस्पिटल से बाइक चोरी करना कबूल किया है। चोर इन चुराई गई बाइकों को एक मिस्त्री को बेच देते थे, जो इन्हें काटकर बेच देता था।पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है। उनके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

# रिकॉर्ड वसूली के नाम रहा वित्तीय वर्ष 2024–25–153: रिकॉर्ड वसूली से अलीगढ़ का हुआ नाम रोशन

शहर के विकास में योगदान करने वाले सम्मानित कर दाताओ का नगर आयुक्त ने जताया आभार–रिकॉर्ड वसूली से शहर के विकास व जनसुविधाओं को प्रभावी बनाने में गति मिलेगीरू–नगर आयुक्त विनोद कुमाररिकॉर्ड वसूली दर्ज करने में अलीगढ़ नगर निगम रहा सफल–वित्तीय वर्ष 2023–24 में 95.55 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024–25 में 146.02 करोड़ की वसूली कर नगर निगम ने रचा इतिहा. समहापौर व नगर आयुक्त ने राजस्व वसूली टीम की हौसलाअफजाई–सबसे ज्यादा वसूली करने पर होंगे सम्मानित रिकॉर्ड संपत्ति कर वसूली से नगरीय सुविधाओं को प्रभावी बनाने के साथ साथ शहर के चौमुखी विकास के लिए सम्मनित करदाता बधाई के पात्र हैरू–महापौर प्रशान्त सिंघल वित्तीय वर्ष 2024–25 अलीगढ़ नगर निगम के लिए ऐतिहासिक व रिकॉर्ड संपत्ति कर वसूली के लिए हमेशा याद रख जाएगा वित्तीय वर्ष 2024–25 की समाप्त होने पर रिकॉर्ड 152.81: वसूली करने पर शासन द्वारा सराहना की गई।वित्तीय वर्ष 2023–24 समाप्ति में जहां वसूली 95.55 करोड़ थी तो वहीं वित्तीय वर्ष 2024–25 के समाप्त होने पर वसूली बढ़कर 146.02 करोड़ हो गई इस प्रकार अलीगढ़ नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2024 25 में 153: संपत्ति कर की रिकॉर्ड वसूली अपने नाम दर्ज की है। निश्चित रूप से अलीगढ़ नगर निगम की संपत्ति कर की रिकॉर्ड वसूली से अलीगढ़ में चौमुखी विकास की राह आसान होगी तो वहीं शासन इस रिकॉर्ड वसूली के सापेक्ष दोगुनी धनराशि से विकास कार्यों के लिए अवमुक्त भी करेगा।नगर निगम को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए संपत्ति कर वसूली को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बीतते वर्ष 2024 अगस्त 6 में नगर आयुक्त का चार्ज लिया तब अप्रैल से जुलाई 2024 तक वसूली 24.56 करोड़ थी नगर आयुक्त की सघन निगरानी व निरंतर समीक्षा के फलस्वरूप अगस्त से फरवरी 2025 तक वसूली 70.56 करोड़ हो गयी वित्तीय वर्ष 2024–25 की समाप्त होने तक यह वसूली बढ़कर 121.46 करोड हो गयी। वित्तीय वर्ष 2024–25 में वसूली लक्ष्य में इजाफा करते हुए वित्तीय वर्ष 2024–25 के समाप्त होने पर 146.02 करोड़ हो गई है नगर आयुक्त ने बताया अलीगढ़ नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष–2024–25 में कर मद में 8950.45 लाख व करेत्तर मद में 5651.10 लाख कुल धनराशि ₹14601.55 लाख की वसूली की गई है, जिसमें कैश के रूप में 4380.46 लाख व ऑनलाइन के माध्यम से 10221.09 लाख की वसूली प्राप्त हुई। गत वर्ष कर मद में 6521.83 लाख व करेत्तर मद में 3033.59 लाख कुल ₹9555.42 लाख वसूल किया गया था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष–2024–25 में गत वर्ष के सापेक्ष वृद्धि का प्रतिशत कर मद में 137.24 एवं करेत्तर मद में 186.28 प्रतिशत कुल 152.81 प्रतिशत है।उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में सम्पत्ति कर की 56863 भवनों से वसूली की गई थी और इस वित्तीय वर्ष में 92975 भवनों से वसूली की गई है। इस प्रकार गत वर्ष की अपेक्षा वित्तीय वर्ष–2024–25 में 36112 अधिक भवनों से सम्पत्ति कर की वसूली की गई व 109479 भवन वसूली से छूट गए।इन करदाताओं ने जमा किया सबसे ज्यादा जमा किया संपत्ति करशासकीय सरकारी बड़े बकायेदार जिनका भुगतान प्राप्त हुआ जिनमे प्रमुख रूप से दीवानी कचहरी से ₹78.57 लाख, विकास भवन से ₹75.21 लाख, दीनदयाल अस्पताल से ₹72.94 लाख, परिवहन निगम से ₹42.87 लाख, मलखान सिंह अस्पताल (महिला) से ₹29.44 लाख, नलकूप खंड प्रथम से ₹28.54 लाख, नौरंगीलाल इन्टर कॉलेज से ₹26.27 लाख, कृषि उत्पादन मंडी समिति से ₹25.52 लाख, कलक्ट्रेट से ₹21.33 लाख, आई.टी.आई. कॉलेज से ₹19.52 लाखकेन्द्रीय सरकारी बड़े बकायेदार जिनका भुगतान प्राप्त नहीं हुआरू रेलवे विभाग दृ ₹786.81 लाख जी.एस.टी. विभाग दृ ₹230.30 लाख अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ से भुगतान प्राप्त हुआ रू ₹2725.21 लाख नगर आयुक्त व महापौर ने रिकॉर्ड वसूली करने पर नगर निगम राजस्व टीम के सभी अधिकारी व कर्मचारी को बधाई देते हुए सम्मानित करने का निर्णय लिया है।नगर आयुक्त ने कहा इस वित्तीय वर्ष रिकॉर्ड वसूली नगर निगम ने की जिसका श्रेय निश्चित रूप से राजस्व टीम, माननीय पार्षदों के सहयोग व अलीगढ़ नगरीय क्षेत्र के सम्मानित करदाताओं को जाता है जिन्होंने शहर के विकास के लिए दिल खोलकर नगर निगम संपत्ति कर जमा किया उन्होंने कहा जो लोग संपत्ति कर जमा करने से छूट गए हैं उनसे अपील की जाती है इस वित्तीय वर्ष में अपने संपत्ति कर को जमा कर शहर के विकास में भागीदार बनेमहापौर प्रशान्त सिंघल ने नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा अलीगढ़ नगर निगम के सार्थक प्रयासों से रिकॉर्ड वसूली करने के कारण शहर के विकास को बल मिलेगा

## अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान घायल अग्निवीर विशाल कुमार डागर की मौत

अलीगढ़ रू अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान घायल अग्निवीर विशाल कुमार डागर की मौत हो गई थी. बुधवार को उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव खेड़िया बुजुर्ग लाया गया. जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया. परिजनों व ग्रामीणों ने अग्निवीर विशाल को नम आंखों से अंतिम विदाई दी.पिता जयप्रकाश सिंह ने बताया कि बेटे की मौत की खबर फौज के ही अधिकारी के मोबाइल से आई थी. विशाल 11 महीने पहले फौज में भर्ती हुए थे. 28 मार्च को परिजनों से आखिरी बार बात हुई थी. चार महीने पहले छुट्टी पर आये थे. उन्होंने बताया कि विशाल की तैनाती अरुणाचल प्रदेश के चीन बॉर्डर पर थीबुधवार को अग्निवीर विशाल कुमार का पार्थिव शरीर जैसे ही खेड़िया बुजुर्ग गांव लाया गया, तो पूरा गांव उमड़ पड़ा. हर किसी की आंखें नम थीं. लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए. उनके अंतिम संस्कार में सेना के अधिकारी, एसडीएम खैर महिमा, पुलिस के आलाधिकारी और हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे. परिजनों के मुताबिक विशाल के छोटे भाई रवि भी भारतीय सेना में देश की सेवा कर रहे हैं. विशाल के परिवार में उनके माता–पिता, दो भाई और एक बहन हैं.गांव के श्मशान घाट पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ अग्निवीर विशाल कुमार का अंतिम संस्कार किया गया. सेना के जवानों ने सलामी दी और उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लपेटा गया. विशाल की शहादत पर पूरे गांव को गर्व है, लेकिन उनके जाने का गम भी हर किसी की आंखों में साफ झलक रहा था.

## विद्यार्थियों की बुद्धि का विकास करती हैं देवी कूष्मांडा–स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज नवरात्रि में तिथि का क्षय,रविवार को मनेगी नवमी

अलीगढ ।नवरात्रि पर्व में वैदिक ज्योतिष संस्थान पर चल रहे शतचंडी अनुष्ठान के तहत विगत दिवस मां दुर्गा के चौथे स्वरुप कूष्मांडा देवी की पूजा अर्चना की गई ।यहां पर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा अलग अलग यजमानों के साथ प्रतिदिन पूजा पाठ किये जा रहे हैं जबकि इसी क्रम में मंगलवार को प्रातःकालीन बेला में संस्थान के प्रमुख स्वामी पूर्णानंदपुरी महाराज के सानिध्य में मुख्य यजमान सुबोध गर्ग,ममता गर्ग द्वारा आचार्य गौरव शास्त्री,कथा व्यास शिवम शास्त्री,रवि शास्त्री एवं ऋषि शास्त्री आदि आचार्यों ने भगवती की प्रतिमा का पंचामृत से स्नान करवाया और कलश पूजन के साथ उनके अंग पूजन कर गुलाब एवं अन्य सुगन्धित पुष्पों के साथ अर्चन करवाया।वहीं देवी कूष्मांडा के स्वरुप का वर्णन करते हुए स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि इनकी आराधना से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं।मनुष्य,जीव–जंतु,ग्रह–नक्षत्र समेत संपूर्ण सृष्टि को माता से ही सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और सुख–सौभाग्य में वृद्धि होती है।इतना ही नहीं देवी भागवत पुराण के अनुसार,छात्रों को कुष्मांडा देवी के आशीर्वाद से बुद्धि का विकास होता है और एकाग्रता में वृद्धि होती है।स्वामी पूर्णानंदपुरी महाराज ने इस बार की अष्टमी और नवमी की पूजा के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि नवरात्रि में एक तिथि का क्षय होने के कारण इस बार शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 4 अप्रैल सांय 08 बजकर 12 मिनट से प्रारम्भ होकर 5 अप्रैल सांय 07बजकर26 मिनट तक रहेगी वही नवमी तिथि 5 अप्रैल सांय 07 बजकर 26 मिनट से प्रारंभ होकर अगले दिन यानि 6 अप्रैल को रात्रि 7बजकर22 मिनट तक रहेगी।उदया तिथि के हिसाब से इस बार अष्टमी तिथि शनिवार को तथा नवमी रविवार को मनाई जाएगी। यहां पर देर सांय हुई महाआरती में तेजवीर सिंह, राहुल सिंह,सुमित वर्मा,पवन तिवारी आदि लोगों ने शामिल होकर प्रसाद लिया।

## करोड़ों के प्रोजेक्ट में मिली लापरवाही को देखकर भड़के नगर आयुक्त

करोड़ों के प्रोजेक्ट में मिली लापरवाही को देखकर भड़के नगर आयुक्त– सीएनडीएस की लापरवाही से छर्रा अड्डा पंजाबी कॉलोनी में जल भराव होने की आशंका पर नगर आयुक्त ने जमकर लगाई सीएनडीएस अधिकारियों की क्लास1 करोड़ 85 लाख की लागत से ए.बी.सी. एंड डॉग केयर सेंटर–12 करोड़ 76 लाख की लागत से ड्रेनेज सिस्टम प्रोजेक्ट के तहत नए छर्रा अड्डा पंपिंग स्टेशन निर्माण परियोजना का नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षणछर्रा अड्डा पंपिंग स्टेशन निर्माण में ढिलाई बरतने–ए.बी.सी. एंड डॉग केयर सेंटर में मानक कमियां छोड़ने पर सीएनडीएस को जमकर लगाई फटकार1 करोड़ 85 लाख की लागत से ए.बी.सी. एंड डॉग केयर सेंटर और 12 करोड़ 76 लाख की लागत से शहर के ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावी बनाने की दिशा में नए छर्रा अड्डा पंपिंग स्टेशन निर्माण परियोजना का नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अचानक निरीक्षण करते हुए दोनों महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में लेट लतीफी करने पर सीएनडीएस जल निगम के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई नगर आयुक्त ने सीएनडीएस को दो टूक शब्दों में कह दिया कि आगामी बारिश में अगर नए छर्रा पंपिंग स्टेशन(पुल के नीचे) नए निर्माण कार्य को समय से पूरा नहीं किया जाता है तो संभवत जल भराव की विकराल समस्या छर्रा अड्डा सुदामापुरी पंजाबी कॉलोनी आदि क्षेत्र में होगी जिसके लिए सीएनडीएस पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगी और नगर निगम सीएनडीएस के विरुद्ध ठोस कार्रवाई भी करेगा।निरीक्षण ए.बी.सी. एंड डॉग केयर सेंटर व कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनबुधवार तपती धूप में निरीक्षण पर निकले नगर आयुक्त ने सबसे पहले सीएनडीएस द्वारा बनाये गए 1 करोड़ 85 लाख की लागत से ए.बी.सी. एंड डॉग केयर का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित ए.बी.सी. एंड डॉग केयर में कई कमियां मिली जिनमे प्रमुख



रूप से नगर आयुक्त ने देखा पेड्स सॉफ्ट थे अंदर वहा जो इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड था वो टेड़ा था उन्होंने देखा वहा जो सेलून बनाया गया है डॉग्स ग्रूमिंग के लिए उसमे पानी की व्यवस्था नहीं थी, सर्जन रूम के टॉयलेट मे जो जेट लगाया गया था वो सीट से बहुत दूर है की वो सीट तक पहुंच ही नहीं रहा, वॉशबेसिन मे शॉर्ट बॉडी टोटी लगाई गयी जबकि लॉग बॉडी टोटी के लिए बोला गया था,एंट्रीरेस्ट में जो पंखा लगाया गया है वो मीटिंग एरिया मे आधा स्लेब के अंदर दब गया है तो नगर आयुक्त ने पूछा की उसको लगाने का किया औचित्य है। नगर आयुक्त कहा की गर्मी से बचाव हेतु एबीसी परिसर की सभी खिड़कियों पर ग्रे फिल्म लगाने के लिए निर्देश दिये निरीक्षण के दौरान एबीसी सेंटर के दरवाजे डीपीआर मे दी गयी ऊचाई से 2 इंच कम मिले नगर आयुक्त ने डॉग्स पैनल में जहां डॉग्स रखे जाएंगे वहां पंखे लगाने के निर्देश दिए। किचन में एडजेस्ट फैन काफी छोटा था तो उन्होंने उसे बड़ा लगाने के निर्देश दिये।इसके बाद नगर आयुक्त ने महेशपुर क्वार्सी रोड पर बनाए गए कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पर भी निरीक्षण किया जहां पर विद्युत कनेक्शन नहीं होने की वजह से वह पूर्ण क्षमता के साथ नहीं चल रहा था मौके पर प्रभारी अधिकारी वर्कशॉप को तत्काल विद्युत कनेक्शन करते हुए इसे पूर्ण क्षमता से चलाने के निर्देश दिए।ड्रैनेज सिस्टम छर्रा पंपिंग स्टेशन निकट पुल के नीचदोपहर करीब 2रू00 बजे नगर आयुक्त ने सीएनडीएस द्वारा नगरीय क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावी बनाने के लिए लगभग 12 करोड़ 76 लाख के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के तहत छर्रा पंपिंग स्टेशन की क्षमता बढ़ाने, राइजिंग मेन सम्पवैल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपने पिछले निरीक्षण लगभग 2 महीने बीतने के बाद भी निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं होने पर नगर आयुक्त ने खासी नाराजगी दिखाई उन्होंने सीएनडीएस से लेट लतीफी की वजह पूछी तो उन्होंने स्थानीय लोगों का विरोध बताया मौके पर नगर आयुक्त ने कहा आप लोग इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की गंभीरता नही समझ रहे है ये शहर की ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है इस प्रोजेक्ट में जितनी लेट लतीफी हो रही है उसका खमियाजा आगामी वर्षा ऋतु में होगा जलभराव की स्थिति के लिए आप जिम्मेदार होंगे नगर निगम इस पर ठोस कार्रवाई आपके विरुद्ध भी करेगामौके पर मौजूद सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को अगले तीन दिवस में सीएनडीएस के साथ प्रवर्तन टीम को लगाकर प्रोजेक्ट को शुरू करने के निर्देश दिए ये रहे मौजूद सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह मुख्य अभियंता सुरेश चंद पशु कल्याण अधिकारी डॉक्टर राजेश वर्मा सीएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर भूपेंद्र सिंह साइड इंजीनियर रोहित नगर निगम संपत्ति विभाग से विजय गुप्ता स्टेनो देश दीपक मीडिया सहायक अहसान रब साथ थे।

## डीएम ने लू प्रकोप को कम करने के लिए विभागीय कार्य योजनाओं की समीक्षा की

अलीगढ़ रू जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता के कलैक्ट्रेट सभागार में जिले में ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत लू (हीट वेव) से बचाव के लिए विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, पंचायतीराज, शिक्षा, श्रम, नगर निगम, जल निगम, विद्युत विभाग एवं अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारियों ने अपनी कार्य योजनाओं की जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लू प्रकोप को कम करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। नगर निगम एवं पंचायतीराज विभाग को सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और सफाई अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के लिए विशेष वार्ड तैयार रखने और आवश्यक दवाओं एवं ओआरएस घोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि संबंधित विभागों को श्रमिकों के कार्य करने का समय निर्धारित करा दिया जाए। उन्होंने विद्यालयों में गर्मी के दृष्टिगत टाइम–टेबिल निर्धारित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि गेंहू की फसल पककर लगभग तैयार है, ऐसे में ढ़ीले एवं जर्जर विद्युत लाइन की समय से मरम्मत कर ली जाए और ट्रांसफार्मर के आसपास 03 मीटर की परिधि में फसल को पहले की काट लिया जाए। उन्होंने दोपहर के समय खेतों के फीडर की विद्युत आपूर्ति भी आवश्यकता न होने पर बंद रखने के निर्देश दिए ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने आवसीय क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और जल निगम को समुचित जल आपूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। आपदा प्रबंधन विभाग को जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए, ताकि लोग लू से बचाव के उपायों के प्रति सजग रह सकें।

इस दौरान कलैक्ट्रेट में लू से बचाव एवं इलाज की उपयोगी जानकारी देने वाली शॉर्ट वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया और इसे नगर निगम व तहसील क्षेत्रों के साथ ही सभी विद्यालयों प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों के साथ गर्मी और लू से बचाव व सावधानियां विषयक विभिन्न पोस्टर का विमोचन कर आमजन से अपील करते हुए कहा कि धूप में अनावश्यक न निकलें, हल्के और सूती वस्त्र पहनें, अधिक से अधिक पानी पिएं और लू से बचाव के सभी आवश्यक उपाय करें।

बैठक में प्रभारी अधिकारी आपदा एवं एडीएम वित्त मीनू राणा, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार, सीएफओ अरविन्द कुमार सिंह, एएलसी शेर सिंह, सीवीओ डा0 दिवाकर त्रिपाठी, डीपीआरओ मो0 राशिद समेत संबंधित अधिकारीगण एवं बीडीओ उपस्थित रहे।

## तहसील स्तर पर राजस्व वादों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता के कलैक्ट्रेट सभागार में तहसील स्तर पर लंबित राजस्व संबंधी वादों के निस्तारण को लेकर बैठक आहुत की गई। डीएम ने कहा कि किसी भी प्रकरण में निरस्तीकरण की कार्यवाही करने से पूर्व उसकी गुणवत्तापरक जांच आख्या प्राप्त कर ली जाए अन्यथा की स्थिति में वही प्रकरण बार–बार प्राप्त होते रहेंगे। उन्होंने समीक्षा के दौरान तहसील स्तरीय विभिन्न न्यायालयों में लंबित धारा 24, धारा 34, धारा 67, धारा 80, धारा 101 एवं धारा 116 के मामलों को आगामी 23 में निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि तहसीलदार लेखपालों द्वारा किए जा रहे कार्यों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग करें ताकि वाद निस्तारण में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि न्यायायिक अधिकारी न्यायालय पोर्टल खोल कर देखें और जिन प्रकरणों में अभी तारीख नहीं लगी है उन पर प्राथमिकता से तारीख लगाते हुए निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करें।डीएम ने ग्राम समाज में चकरोड, तालाब, चारागाहों की भूमि को प्राथमिकता से कब्जामुक्त कराने के निर्देश देते हुए कहा कि फसल की कटाई के उपरांत जल्द ही खेत खाली हो जाएंगे, यह अवैध कब्जे हटाए जाने के लिए सही समय है। उन्होंने आवासीय जमीनों से मानवीयता एवं संवेदना रखते हुए नियमानुसार कब्जे हटाने के निर्देश दिए। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए डीएम ने धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि शासन द्वारा अवशेष कार्य को पूरा करने के लिए एक माह का समय और दिया गया है। 30 अप्रैल तक लगभग 2 लाख फार्मर रजिस्ट्री कराई जानी है। उन्होंने एडीएम प्रशासन को निर्देशित किया कि तहसीलों को प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिदिन सांयकाल प्रगति समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने कहा कि अधिकांश राजस्व वादों का निस्तारण तहसील स्तर पर ही संभव है, ऐसे में तहसील स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर तत्परता से कार्य करते हुए वादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में आईजीआरएस संदर्भ, सीमा स्तम्भों का चिन्हांकन, मुख्य देयों की वसूली, ऑडट आपत्तियों का विवरण, चकबंदी वादों का निस्तारण, शत्रु संपत्तियों के विवरण समेत अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, एडीएम वित्त मीनू राणा, एडीएम न्यायिक अखिलेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट राम शंकर समेत सभी एसडीएम, एसीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।